पत्र संख्याः 1223 अ0नि0वा0क0अ0प्र0सं0ल0 / सामान्य पत्राचार / 2020–21 / वाणिज्य कर

प्रेषक,

अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,**
**आगरा, अलीगढ़, कानपुर प्रथम, कानपुर द्वितीय, झांसी, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ प्रथम, लखनऊ द्वितीय, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी प्रथम, वाराणसी द्वितीय, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम, गाजियाबाद द्वितीय, सहारनपुर, इटावा, गौतमबुद्धनगर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।**

दिनांक :: लखनऊ :19 जनवरी 2021

**विषयः– प्रशिक्षु असिस्टेंट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारियों को 02 माह के फील्ड प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना–राजपत्रित) मुख्यालय के आदेश संख्या–3213 दिनांक 13.10.2020 एवं एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश संख्या–3245 दिनांक 15.10.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 2016 बैच के असिस्टेंट कमिश्नर एवं वाणिज्य कर अधिकारी तथा 2017 बैच के नवनियुक्त वाणिज्य कर अधिकारी एवं नवप्रोन्नत वाणिज्य कर अधिकारियों का, डिजीटल प्लेटफॉर्म (माइक्रोसाफ्ट मीटिंग एप) के माध्यम से प्रदान किया जा रहा, प्रथम चरण का (03 माह की अवधि हेतु) ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19.10.2020 से प्रारम्भ होकर आगामी दिनांक 19.01.2021 को पूर्ण हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उ0प्र0 लखनऊ के आदेश संख्या–1221 एवं 1222 दिनांक 19.01.2021 के अनुपालन में, उपरोक्त 06 माह के फाउण्डेशन कोर्स के द्वितीय चरण में समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को यथावत् अपनी सम्बद्धता के स्थान पर ही क्रमशः खण्डाधिकारी, सचल दल एवं वि0अनु0शा0 इत्यादि कार्यालयों / अनुभागों में आगामी 02 माह तक (दिनांक 21.01.2021 से 22.03.2021 तक) वांछित व्यवहारिक प्रशिक्षण (फील्ड ट्रेनिंग) प्रदान किया जाना है। व्यावहारिक / फील्ड प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी निम्न तालिका के अनुसार सप्ताहवार चिन्हित विंग्स से सम्बद्ध रहते हुए वास्तविक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे :–

| क्र0 सं0 | अवधि दिनांक 21.01.2021 से 22.03.2021 | सप्ताह | विषय | अनुभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनांक 21.01.2021 से 27.01.2021 तक | प्रथम सप्ताह | रजिस्ट्रेशन | खण्डाधिकारी कार्यालय |
| 2. | दिनांक 28.01.2021 से 03.02.2021 तक | द्वितीय सप्ताह | रिटर्न एवं स्क्रुटनी | खण्डाधिकारी कार्यालय |
| 3. | दिनांक 04.02.2021 से 10.02.2021 तक | तृतीय सप्ताह | रिफण्ड एवं रिकवरी | खण्डाधिकारी कार्यालय |
| 4. | दिनांक 11.02.2021 से 17.02.2021 तक | चतुर्थ सप्ताह | असेसमेंट एवं ऑडिट | खण्डाधिकारी कार्यालय एवं ऑडिट अनुभाग |
| 5. | दिनांक 18.02.2021 से 24.02.2021 तक | पंचम सप्ताह | एडमिनिस्ट्रेशन एवं एस0 आर0 | डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) / डिप्टी कमिश्नर (एस0आर0) |
| 6. | दिनांक 25.02.2021 से 03.03.2021 तक | छठा सप्ताह | सचल दल कार्यप्रणाली | कार्यालय सहायक आयुक्त सचल दल |
| 7. | दिनांक 04.03.2021 से 22.03.2021 तक | सातवां सप्ताह | विशेष अनुसंधान शाखा की कार्यप्रणाली | डिप्टी कमिश्नर (वि0अनु0शा0) |

नोटः–

1. सम्बन्धित जोन के प्रभारी एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1/ग्रेड–2 द्वारा समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों के संतोषजनक फील्ड/व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र जारी किया जायेगा। तदोपरान्त समस्त प्रशिक्षु अधिकारी उक्त प्रमाण–पत्र (Comletion Certificate) के साथ वाणिज्य कर प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 23.03.2021 को ऑनलाइन योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे।

2. इसके अतिरिक्त नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उपरोक्त विभिन्न अनुभागों/विंग्स में प्राप्त किये गये प्रशिक्षण तथा असाइनमेंट्स का मूल्यांकन सम्बन्धित ज्वाइंट कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा किया जायेगा। संदर्भित मूल्यांकन के उपरान्त मूल्यांकन की एक प्रति, अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ को प्रेषित की जायेगी, जिसे प्रशिक्षण संस्थान में नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों के अंतिम तथा समग्र मूल्यांकन में सम्मिलित किया जायेगा।

अवगत कराना है कि प्रशिक्षु अधिकारियों को फील्ड व्यावहारिक प्रशिक्षण की उक्त 02 माह की अवधि के दौरान उपरोक्तानुसार सम्बद्ध करते हुए सम्बन्धित इकाईयों/अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों द्वारा विभिन्न व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा असाइनमेंट्स दिए जाएंगे। नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उपरोक्त विभिन्न अनुभागों/विंग्स में प्राप्त किए गए प्रशिक्षण तथा असाइनमेंट्स के मूल्यांकन क्रमशः A/B/C/D की श्रेणियों मे करते हुए, एक प्रति अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ को प्रेषित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त फील्ड/व्यावहारिक प्रशिक्षण की निर्धारित अवधि 02 माह (अर्थात् दिनांक 21.01.2021 से 22.03.2021 तक) समाप्त हो जाने के उपरान्त सम्बन्धित जोन के प्रभारी एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1/ग्रेड–2 द्वारा समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों के संतोषजनक फील्ड/व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र जारी किया जायेगा। तदोपरान्त समस्त प्रशिक्षु अधिकारी, प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवशेष अवधि (अंतिम चरण) के लिए उक्त प्रमाण–पत्र के साथ वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में दिनांक 23.03.2021 को पुनः ऑनलाइन रिपोर्ट/योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे।

उक्त पत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

संलग्नकः–

1. फील्ड ट्रेनिंग से सम्बन्धित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की प्रति।
2. प्रशिक्षु अधिकारियों का जोनवार सम्बद्धता आदेश।

(के0के0 उपाध्याय)
अपर निदेशक
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक –उक्त–**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही /सूचनार्थ प्रेषित :–**

1. ज्वा0कमि0 स्थापना राजपत्रित मुख्यालय।
2. डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
3. समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुपालनार्थ प्रेषित।
4. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

19/01/2021

अपर निदेशक
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश।